# समस्त आंगनवाड़ी केंद्र 31मार्च तक रहेंगे बंद टेक होम राशन का वितरण यथावत जारी - महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री

**District :** dipr
**Department :**
**VIP Person :** General
Press Release
State News
**Attached Document :**
RK-15-03-2020--3.docx (http://103.203.138.54/news/195202/document/RK-15-03-2020--3.docx)

## DESCRIPTION

**समस्त आंगनवाड़ी केंद्र 31मार्च तक रहेंगे बंद**
**टेक होम राशन का वितरण यथावत जारी**
**- महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री**

जयपुर ,15 मार्च। महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्रीमती ममता भूपेश ने कोरोना वायरस के बढ़ते प्रभाव से बचाव के लिए एहतियात के तौर पर समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों एवं मिनी आंगनबाड़ी केंद्र 31 मार्च तक बंद रखने के निर्देश दिए हैं। कोरोना की स्थिति की समीक्षा बैठक के दौरान श्रीमती भूपेश ने यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री ने कहा कि कोरोना संक्रमण को महामारी घोषित करने तथा केंद्र सरकार की ओर से जारी की गई एडवाइजरी के क्रम में एहतियात के तौर पर संक्रमण से बचाव के लिए यह निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि पोषाहार से लाभान्वित 3 से 6 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को टेक होम राशन का वितरण यथावत रूप से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका द्वारा जारी रखा जाएगा।

श्रीमती भूपेश ने यह भी निर्देश प्रदान किए की वजन ,त्यौहार एवं पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा के कार्यक्रमों को आगामी आदेशों तक स्थगित रखा जाएगा। उन्होंने विभाग के समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करें।

----

## SUPPORTING IMAGES